## शातिर मोटरसाईकिल चोर गिरोह के दो सदस्य पुलिस की गिरफ्त में

### लगभग 7 लाख कीमत की 10 मोटर साईकिल जप्त



**गाडरवारा, देशबन्धु।** पुलिस द्वाराघटनाओं को अंजाम देने वालें अपराधियों की धरपकड की जा रही है। शनिवार को जमाड़ा बायपास रोड पर वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान एक मोटर साईकिल लेकर जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनसे पूछताछ की गई। जिनसे नाम पता पूछने पर उक्त संदिग्धों ने अपने-अपने नाम रोहित पिता नर्मदा प्रसाद अहिरवार उम्र 19 वर्ष निवासी डोलाबाबा गाडरवारा थाना गाडरवारा तथा गुलशन पिता अशोक चांदौरिया उम्र 25 वर्ष निवासी देव मुरलीधर स्कूल के पास मुरदई रोड गोटेगाँव थाना गोटेगाँव का होना बताया।

उक्त दोनों के पास बिना नंबर प्लेट की स्प्लेण्डर मोटर साईकल होने से उनसे वाहन के दस्तावेज माँगने पर संतोष जनक उत्तर नहीं दे पा रहे थे और ना ही उक्त मोटर साईकल संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किये गये। दोनों संदिग्ध व्यक्तियों से पृथक-पृथक पूछताछ करने पर रोहित अहिरवार एवं गुलशन चांदौरिया के द्वारा दिनांक 12 फरवरी 2025 की शाम पुराना बस स्टैंड गाडरवारा से उक्त मोटरसाईकल चोरी करना स्वीकार किये।

दोनों आरोपीगण से गहनता से पूछताछ पर उनके द्वारा विगत एक वर्ष में जिला नरसिंहपुर के विभिन्न स्थानों से 08, जिला जबलपुर से 01 एवं जिला रायसेन से 01, कुल 10 मोटरसाईकलें चोरी करना स्वीकार किये। उक्त आरोपीगण के कब्जे से चोरी गई कुल 10 मोटरसाईकल बरामद की गई हैं। दोनों आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर ज्यूडीशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। बरामद की गई 10 मोटरसाईकलों की कीमत करीबन 7 लाख रूपये बताई जाती है।

**चोरी करने का तरीका** - उक्त दोनों शातिर मोटर साईकल चोर मुख्यत: सार्वजनिक स्थानों शराब दुकानों के आस-पास अथवा शादी गार्डनों को चिह्नित करते थे, जहाँ लोग अपनी मोटरसाईकल लापरवाही से बिना लॉक किये खड़ी कर देते थे। उन मोटर साईकलों को उक्त आरोपीगण शातिर तरीके से चोरी कर ले जाते थे।

**इनकी रही विशेष भूमिका** - उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक विक्रम रजक के साथ स.उ.नि. पुनीत कटारे, सउनि राजेश शर्मा,सउनि राकेश दीक्षित, सउनि. हरिशंकर बटके, प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, प्रधान आरक्षक परमानंद, वरिष्ठ आरक्षक राकेश झा, आरक्षक दिनेश पटेल, प्रदीप गुप्ता, नसीम अख्तर,ऐश्वर्य वेंकट, महिला आरक्षक कुमुद पाठक की विशेष भूमिका रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने ली ग्राम कोटवार एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों की बैठक



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक ने ग्राम कोटवार एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों की बैठक ली। महाशिवरात्रि पर डमरू घाटी में सहयोग हेतु धन्यवाद प्रेषित किया साथ ही क्षेत्र की गतिविधियों की सूचना पुलिस तक त्वरित पहुंचाने हेतु अपील की गयी। पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के द्वारा 2 मार्च को थाना प्रांगण गाडरवारा में विगत दिवस महाशिवरात्रि के अवसर पर डमरू घाटी में मंदिर,यातायात एवं शक्कर नदी के किनारे लगे मेले में कानून व्यवस्था ड्यूटी में मदद करने वाले ग्राम कोटवारों एवं नगर रक्षा समीति को धन्यवाद प्रेषित कर बैठक के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया । बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम नगर एवं रक्षा समिति के सदस्यों को सक्रिय रहकर क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी पुलिस को त्वरित दिये जाने हेतु कहा गया । उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव में शराब एवं जुआ जैसे कुरीतियों पर अंकुश लगाने एवं असामाजिक तत्वों के बारे में जानकारी दें ताकि ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा सके। वर्तमान परिदृश्य में हो रहे धोखाधड़ी, सायबर क्राईम, चिटफण्ड, एटीएम फ्राड, फर्जी बैंक काल के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आपके सहयोग से इस प्रकार के अपराधों से बचा जा सकता है। इस दौरान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं थाना प्रभारी विक्रम रजक,नगर एवं ग्राम रक्षा रक्षा समिति के सदस्यगण एवं ग्राम कोटवार सहित पुलिस के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## सार-समाचार

### आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा में लगाया जायेगा नसबंदी शिविर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में माह मार्च 2025 में महिला एवं पुरूष नसबंदी- एनएसव्हीटी/ एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत 3 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा में महिला एवं पुरूष नसबंदी- एनएसव्हीटी/ एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। डॉ. इति चांदोलकर एवं सहायक सर्जन डॉ. शिप्रा कौरव द्वारा फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल में नसबंदी ऑपरेशन में अपनी सेवायें देंगे।

### कमलेश द्विवेदी ने मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान की निंदा की



**अनूपपुर, देशबन्धु।** मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता के मांग पत्रों को भीख बताए जाने पर भगवा पार्टी के जिलाध्यतक्ष कमलेश द्विवेदी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जिलाध्यरक्ष ने कहा कि मंत्री का यह बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और जनभावनाओं के विरुद्ध है। जनता ने आपको चुन कर भेजा है आप जनप्रतिनिधि है और जनता आपसे अपने अधिकारों की मांग कर रही है, कोई भीख नहीं। सरकार का कर्तव्य है कि वह जनहित के मुद्दों को गंभीरता से ले और जनता की समस्याओं का समाधान करे न कि उनके मांग पत्रों को उपेक्षा से खारिज करे। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के समय नेताओं द्वारा विनम्रता दिखाना और वोट मांगने के लिए जनता के चरणों में झुकना आम बात हो गई है, लेकिन जब जनता अपने हक की बात करती है, तो उसे भीख मांगने की आदत बता दिया जाता है। यह राजनीति में दोहरे मापदंड का उदाहरण है। भगवा पार्टी के जिलाध्यिक्ष कमलेश द्विवेदी ने मीडिया के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से इस बयान पर संज्ञान लेने और मंत्री प्रहलाद पटेल से माफी मांगने की मांग कही है। उन्होंने कहा कि यदि मंत्री अपने बयान पर कायम रहते हैं, तो जनता आने वाले चुनावों में उन्हें उचित जवाब देगी।

### सीएचपी प्लांट रामनगर से चोरी के छह आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजनगर खुली खदान के सीएचपी प्लांवट के फोरमैन रूम के बाहर 4 नग बड़े बड़े टूल पाना पेटी चोरी करने वाले आरोपी मंता प्रसाद बंसल पिता शीतल प्रसाद बंसल उम्र 36 वर्ष निवासी लालपुर मनेन्द्रगढ़, रवि सेन पिता गोविंद सेन उम्र 30 वर्ष निवासी खोंगापानी, फिरोज खान पिता सुभान खान उम्र 33 वर्ष निवासी खोंगापानी, शेख अजहरूद्दीन पिता जैनुद्दीन उम्र 34 वर्ष निवासी खोंगापानी, दीपक दास (दीवान) पिता स्व. रामचरण दास उम्र 26 वर्ष निवासी खोंगापानी, विनोद सेन पिता जेठू सेन उम्र 23 वर्ष निवासी खोंगापानी को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जेग से चोरी गई 2 नग पाना पेटी सहित घटना में प्रयुक्त दो बाइक को जब्तत करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्व कर मामले को विवेचना में लिया गया है । वहीं एक आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है। मामले की जानकारी के अनुसार 1 मार्च को फरियादी दयाशंकर यादव पिता स्व. लालजी यादव उम्र 58 वर्ष निवासी क्वाचटर नंबर एम/197 सी सेक्टर राजनगर सुरक्षा प्रभारी राजनगर ओसीएम का रिपोर्ट दर्ज कराया कि राजनगर खुली खदान के सीएचपी प्लांट के फोरमैन रूम के बाहर 4 नग बड़े बड़े टूल पाना पेटी रखीं थी , जो में 28 फरवरी के शाम 5 बजे पेट्रोलिंग में गया था, तो सही सलामत रखे थे । जहां 1 मार्च को शाम 5 बजे पेट्रोलिंग में अपने साथी कर्मचारी सुरक्षा प्रहरी मिथुन राठौर एवं मृत्युंजय चौबे के साथ जाकर देखा तो 2 नग टूल पाना पेटी नहीं थे, जिनकी वजनी करीबन 300 किग्रा कीमत लगभग 12 हजार रूपये है, जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। जहां संदेह के आधार पर मंता प्रसाद बंसल, रवि सेन, फिरोज खान, शेख अजहरूद्दीन, दीपक दास (दीवान), विनोद सेन से पूछताछ की गई, जहां उन्हो ने चोरी करना स्वीदकार किया गया । वहीं मामले में शामिल एक अन्य आरोपी साथी शिवानंद निवासी खोंगपानी फरार है । जिसकी पता तलाश की जा रही है।

### संदिग्ध हालत में मिली कार, उत्तर प्रदेश के कैंट थाना में चोरी का मामला मिला दर्ज

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे के पास 2 मार्च संदिग्धक हालत में लावारिस खड़ी कार की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जहां कार की जांच के दौरान कार के अंदर पुलिस को किसी भी तरह का संदिग्धह वस्तु नही मिला। आसपास वाहन स्वाीमी की तलाश की गई, लेकिन पता चलने पर पुलिस ने उक्तन कार को धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया । मामले की जांच के दौरान उक्त कार के चेचिस और इंजन नंबर से कार मालिक का पता किया गया । जहां स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक यूपी 53 डीएल 1695 जो थाना कैंट गोरखपुर उत्तर प्रदेश के अपराध क्रमांक 693/ 24 धारा 303 (2 ) बीएनएस में चोरी का अपराध दर्ज पाया गया । वहीं कोतमा थाना प्रभारी सुन्द्रेजश मरावी ने जल्द ही अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

## परीक्षा देकर लौट रही बालिका बाइक की टक्कर से घायल

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर के पास 5वी की परीक्षा देकर स्कूल से घर लौट रही एक 11 वर्षीय बालिका बाइक की टक्कर से घायल हो गई जिसे हादसे के बाद बाइक सवार ने मानवता का परिचय देते हुए अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल पन्ना रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि खुशबू अहिरवार उम्र 11 वर्ष कक्षा 5 वीं में पढ़ती है जो परीक्षा देकर वापस अपने घर लौट रही थी तभी बाइक की टक्कर से घायल होकर सड़क में गिर गई बाइक सवार ने घायल बालिका को छोड़कर भागने के बजाय उसे अजयगढ़ अस्पताल पहुंचाया जहां से गंभीर हालत के कारण जिला अस्पताल रेफर होने पर जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती करवाया बाइक चालक की इस संवेदनशीलता और मानवता से लोगों के द्वारा उसकी सराहना की जारही है।



## ग्राम कोटवार एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के द्वारा गत रविवार को थाना प्रांगण गाडरवारा में महाशिवरात्रि के अवसर पर डमरू घाटी में मंदिर, यातायात एवं शक्कर नदी के किनारे लगे मेले में कानून व्यवस्था ड्यूटी में मदद करने वाले ग्राम कोटवारों एवं नगर रक्षा समीति को धन्यवाद प्रेषित कर बैठक के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया।



बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम नगर एवं रक्षा समिति के सदस्यों को सक्रिय रहकर क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी पुलिस को त्वरित दिये जाने हेतु कहा गया। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव में शराब एवं जुआ जैसे कुरीतियों पर अंकुश लगाने एवं असामाजिक तत्वों के बारे में जानकारी दें ताकि ऐसे लोगों के विरूद्व सख्त कार्यवाही की जा सके। वर्तमान परिदृश्य में हो रहे धोखाधड़ी, सायबर क्राईम, चिटफण्ड, एटीएम फ्राड, फर्जी बैंक काल के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आपके सहयोग से इस प्रकार के अपराधों से बचा जा सकता है।

इस दौरान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं थाना प्रभारी विक्रम रजक, नगर एवं ग्राम रक्षा रक्षा समिति के सदस्यगण एवं ग्राम कोटवार सहित पुलिस के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## स्कूल निर्माण कार्य में लगे मजदूरों 115 मजदूरों ने लिया शिविर का लाभ

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय निक्षय अभियान के तहत डीटीसी नरसिंहपुर टीयू- शहरी के अंतर्गत खैरीनाका में निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल नरसिंहपुर में लगे मजदूरों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्माण कार्य में लगे 115 मजदूरों के क्षय रोग की स्क्रीनिंग कर संभावित लोगों के खकार के सेंपल एकत्रित किये गये। इस दौरान एक्स- रे भी कराया गया। निक्षय शिविर के दौरान मजदूरों को टीबी के बारे में जागरूक किया गया। टीबी से कैसे बचा जाये एवं टीबी के क्या लक्षण है, इसकी जानकारी भी शिविर के दौरान दी गई। उन्हें बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को चलने में सांस भरना, लगातार खांसी आना, भूख नहीं लगना, वजन कम होना, रात को पसीना आना जैसे टीबी के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए निशुल्क एक्स- रे करवायें। अगर मरीज टीबी पॉजीटिव आता है, तो उसको 6 माह तक दवाई लेना होती है, दवाई में किसी भी दिन का कोई गैप नहीं होना चाहिये। टीबी का मरीज दवाई लेने पर ठीक हो जाता है। टीबी कोई घातक बीमारी नहीं है। अगर जांच में मालूम पड़ जाता है कि किसी व्यक्ति को टीबी है, तो दवाई जरूर लेना चाहिये। दवाई का नियमित उपयोग करने से व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ हो जाता है।

## राज्य स्तरीय शिविर में जिले के स्वयंसेवकों का हुआ चयन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय शिविर जो कि अनूपपुर अमरकंटक में आयोजित किया जा रहा है । नरसिंहपुर जिले के स्वयंसेवकों का चयन हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर से राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई से नेहा चौधरी तथा छात्र इकाई से साहिल खान, शासकीय श्यामसुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय से पूना जाटव , संत मोनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय तेंदूखेड़ा से मुस्कान विश्वकर्मा का चयन हुआ इस अवसर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से डॉ. शोभाराम मेहरा, तथा स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के स्वयंसेवकों में दलनायिका शिखा वर्मा, सहदलनायिका राशिका चौरसिया, कविता यादव, सुहानी यादव, छात्र इकाई से मीडिया प्रभारी रोहित नौरिया, देवांश पचौरी, सहदलनायक मानस गुप्ता, सौरभ कुशवाहा ,ब्रजेश चौधरी आदि के द्वारा स्वयंसेवकों को शिविर के लिए रवाना किया गया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर बी सिंह एवं समस्त शिक्षकों और राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार के द्वारा स्वयंसेवकों को शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं ।



## सीईओ ने किया प्राथमिक शाला डुंगरिया व बिजौरी का निरीक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने प्राथमिक शाला बिजौरा व डुंगरिया का औचक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने यहां कक्षा पहली, दूसरी एवं तीसरी के बच्चों को पढ़ाया।

उन्होंने बच्चों से जोड़ना व घटाना के बारे में पूछा और अपने समक्ष करवाया। यहां मौजूद शिक्षक श्री ठाकुर को बच्चों को एफएलएन पर आधारित शिक्षण की गतिविधि कराने के निर्देश दिये। प्राथमिक शाला डुंगरिया में निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने शिक्षण संबंधी जानकारी शिक्षकों से ली।

## वटकेश्वर मंदिर विपतपुरा में हुआ दादा गुरु का आगमन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पिछले चार साल से भी अधिक समय से अखण्ड निराहार महाव्रत साधना में रत अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी का माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा के दौरान विपतपुरा वटकेश्वर महादेव धाम में आगमन हुआ । इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा उनका स्वागत पुष्पवर्षा द्वारा किया गया।उक्त जानकारी देते हुए वटकेश्वर महादेव उत्सव समिति से जुड़े सुभाष चौरसिया ने बताया कि आगमन अवसर पर दादा गुरु के साथ विविध राज्यों के लगभग सात-आठ सौ नर्मदा परिक्रमा वासी भी थे।दादा गुरु ने भगवान् महादेव का पूजन अर्चन कर उपस्थित जनों को आशीष प्रवचन दिए,अपने आशीष वचन में श्री दादा गुरु ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा एक ऐसी साधना है जिसके अंतर्गत माँ नर्मदा के पथ पर चलने मात्र से व्यक्ति का चरित्र परिवर्तन होता है।

उक्त अवसर पर प्रदीप उपाध्याय,धर्मेन्द्र उपाध्याय,छोटू उपाध्याय,रमेश श्रीवास्तव,महेश श्रीवास्तव, श्रीराम नेमा, मोतीलाल बंजारा,सुभाष चौरसिया,रमाकांत बाथ सहित अनेक भक्त जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## गांवों में खुलेआम चल रहा जुए-सट्टे का कारोबार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लंबे समय से जुआ व सट्टे का कारोबार बेखौफ संचालित हो रहा है। अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद किसी प्रकार की मुहिम नहीं चलाई जा रही है। इस कारण क्षेत्र में खुलेआम यह कारोबार खूब फलफूल रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के स्थानांतरण होने के बाद जिले में पदस्थ पुलिस अधिकारी की पद स्थापना हो गई है। किंतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के स्थानांतरण के बात अब पुन व्यापक पैमाने पर जुए सट्टे का कारोबार पैर पसारता नजर आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल में गाडरवारा क्षेत्र में चल रहे हुए को पकड़ने के लिए जिला स्तर से पुलिस टीम आई थी और उसने हुए के कारोबार को पकड़ लाखों रुपए की जाती की थी। इस जुए को पकड़ने में गाडरवारा पुलिस असफल रही थी। इसी प्रकार अब पुन: हुए का कारोबार गाडरवारा के समीप खुर्सीपार क्षेत्र में संचालित किए जाने की विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हो रही है। जिसमें सफेदपीसो का संरक्षण होने की चर्चा गांव-गांव है।

**क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगड़ी**- क्षेत्र में कानून व्यवस्था इस तरह बिगड़ी है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को पुलिस का जरा भी भय नहीं है। गाडरवारा पुलिस अनुभाग के अंतर्गत आने वाले थाना चीचली के मुख्यालय चीचली, पलोहा बड़ा थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम भटेरा सहित गांवों में जुआ और सट्टा चल रहा है। कभी कभार एक-दो छोटे प्रकरण बनाकर खानापूर्ति कर दी जाती थी, जुए के अड्डे व सट्टे की खाईवाल के हौसले बुलंद हैं। वे अपने काम को खुलेआम संचालित कर रहे हैं। ऐसे में लोगों का कहना है कि पुलिस के संरक्षण के कारण इनका संचालन हो रहा है।

**नजर चुराता प्रशासन** - स्थानीय प्रशासन के अलावा जिला प्रशासन ने भी आंखें बंद कर ली हो। शहर के आसपास के गांवों में चल रहे अवैध कारोबार से कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं और बर्बादी की कगार पर है। स्थिति यह है कि गाडरवारा के आसपास के गांव खुर्सीपार में रात के समय जहां खुलेआम लाखों रुपए की हार जीत का कारोबार चल रहा है वही चीचली में खुले आम सट्टा चल रहा है, क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार से प्रशासन नजर चुरा रहा है और वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह कर रहा है।

**कई परिवार बर्बाद** - शहर के आसपास फलफूल रहे जुआ सट्टा कारोबार की गिरफ्त में आकर कई लोग बर्बाद हो चुके हैं। अपनी गाढ़ी कमाई व परिवार से पैसे लेकर जुए में राशि लूटा कर बर्बादी की कगार पर चले जाते हैं। कामकाज की उम्र में युवा वर्ग भी इसके चंगुल में आ रहा है। परिवार व परिजनों से राशि उधार लेने के बाद जुए में लगाकर कर्ज तले दब जाते हैं। कई लोग तो ब्याज पर राशि लेकर जुए में लगाने व जीवन भर इस कर्ज को उतारने में ही फंसे रहते हैं। जुआ खेलने वालों से परिवार सदस्य भी मानसिक रूप से परेशान होते हैं।

## बिना रायल्टी गिट्टी का परिवहन करने पर दो हाईवा वाहन जब्त

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** सरई चौकी क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना रायल्टीा के गिट्टी का परिवहन किए जाने पर दो हाईवा वाहन को जब्तव कर धारा 4/21 खनिज अधिनियम के तहत दोनो चालको के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी के अनुसार 1 मार्च को वाहन चौकिंग के दौरान हाईवा क्रमांक एमपी 17 एचएच 4573 के चालक सुनील राली पिता श्रीनिवास राली उम्र 33 वर्ष निवासी हरदिया थाना सेमरिया जिला रीवा म. प्र. एवं एमपी 17 एचएच 3348 का चालक राम धनी सिंह पिता रमेश सिंह उम्र 39 वर्ष ग्राम सेमरिया थाना सेमरिया जिला रीवा से वाहन में गिट्टी लोड़ कर ले जाने संबंधित दस्ता3वेज की मांग की गई । जहां चालकों द्वारा मौके पर किसी तरह का दस्ता वेज नही दिखाया गया। जिसके बाद पुलिस ने उक्ता दोनो हाईवा वाहन को जब्ता करते हुए उसे चौकी परिसर में खड़ा कराते हुए धारा 4/21 खनिज अधिनियम के तहत मामला कायम कर खनिज विभाग की ओर पेश किया जा रहा है ।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए